दिनांक : 03/09/2036 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिये स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा-नदी जोड़ो परियोजनाओं के बलबूते पर एक अलग दौर में जाएगा बुंदेलखंड क्षेत्र।
- जीआईएस आधारित नवाचार के लिए मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर 'अचीवमेंट इन जीआईएस अवार्ड।
- प्रदेश के 26 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट।

पीएम-जल शक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों के लिए भी इसी तरह के चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कल जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय विभागीय जल सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर बल दिया। श्री मोदी ने भारतीय विनिर्माणकर्ताओं और हितधारकों को प्रभावी समाधान विकसित करने तथा उन्हें बड़े स्तर पर लागू करने में सक्षम बनाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी देने वाली प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के आयोजन का भी सुझाव दिया।

बेल्जियम प्रधानमंत्री -भारत दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बेल्जियम के प्रधानमंत्री भारत की तीन दिन की यात्रा पर कल रात राजधानी पहुंचे। प्रधानमंत्री डी वेवर के साथ बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रैंकन भी आए हैं। पिछले साल फरवरी में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है।

बलराम जयंती महोत्सव - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिनके हाथ में हल है, वही इस देश का असली बल है। हल षष्ठी के अवसर पर कल ग्वालियर में हुए बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी किसान समागम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि सरकार खेत से लेकर निर्यात तक और बीज से लेकर बाजार तक हर कदम पर प्रदेश के किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बलराम, बल के देवता ही नहीं, श्रम के सम्मान और कृषि गौरव के जीवंत प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं के बलबूते बुंदेलखंड क्षेत्र एक अलग दौर में जाएगा ...

वहीं, मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने खरगोन के पानवा में 106 दशमल 35 करोड़ की लागत से भदोरा इंडस्ट्री लिमिटेड का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोरा इंडस्ट्रीज के शुरू होने से कसरावद क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अनेक नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने श्योपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को वर्चुअली संबोधित किया। इस मौके पर कहा कि अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में कृषक कवच योजना, 200 नए पैक्स कार्यालयों और अपेक्स बैंक की संभागीय शाखा ग्वालियर का शुभारंभ भी किया गया।

शिवराज सिंह-एसएचजी

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह आज मुंबई में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों और बैंकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने वाले ऋण की औसत राशि बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत उद्यम ऋण को दोगुना करना है। बैठक में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और प्राथमिक कृषि ऋण समिति स्तर पर सहकारी ऋण संरचना की भूमिका को मजबूत करके और लंबे समय से लंबित रहने साथ ही ऋण वितरण में देरी की समस्या का समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा।

‘अचीवमेंट इन जीआईएस अवार्ड’

राज्य के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विकसित एकीकृत जीआईएस आधारित प्लेटफॉर्म जीआईएस आधारित अर्बन डेटा एनालिटिक्स सेंटर- गरुड़ के उत्कृष्ट और नवोन्मेषी उपयोग के लिए मध्यप्रदेश को प्रतिष्ठित ‘अचीवमेंट इन जीआईएस अवार्ड’ से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में एसरी इंडिया निदेशक अजेन्द्र कुमार ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे को यह सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर श्री भोंडवे ने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप राज्य में तकनीक-आधारित सुशासन और पारदर्शी नगरीय प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे ठोस प्रयासों का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री-श्रीकृष्ण पथ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश से गहरा नाता रहा है। राजधानी भोपाल के रवींद्र भवन में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर केन्द्रित रासलीला समारोह कार्यक्रम में डॉक्टर यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं, राज्य सरकार उन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें श्रीकृष्ण तीर्थ के रूप में विकसित कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रासलीला समारोह में दूरदराज से आए कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को हलषष्ठी और जन्माष्टमी की अग्रिम बधाई दी।

भारत- विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2027

पहली आईसीसी विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 14 से 28 फरवरी के बीच खेली जाएगी, जिसकी मेजबानी अब भारत को मिल गई है। इसका कारण श्रीलंका को मेजबानी से हटाया जाना है, क्योंकि वहां के क्रिकेट बोर्ड में सरकारी दखल के बाद प्रशासनिक सुधारों की प्रक्रिया जारी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद -आईसीसी ने एक बयान में कहा कि 6 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अब दो स्थानों पर खेला जाएगा, जिनमें क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया- मुंबई और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम - वडोदरा शामिल हैं।

महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 के लिए क्वालीफाई करने वाली 6 टीमों में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेलेंगी। 28 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

विश्व तीरंदाजी - पैरा श्रृंखला

भारत पहली बार अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर 5 से 9 सितंबर तक हुंडई विश्व तीरंदाजी पैरा श्रृंखला की मेज़बानी करेगा, जिसमें 20 देशों के 100 से ज़्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। यह स्पर्धा 2026 श्रृंखला का तीसरा चरण है। इससे पहले बैंकॉक और नोवे मेस्टो में 30 जून से 4 जुलाई तक प्रतियोगिताएं हुई थीं। चौथा और आखिरी चरण अक्टूबर में चिली के सैंटियागो में होना है। भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा गुजरात सरकार, गुजरात खेल प्राधिकरण और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में रिकर्व ओपन, कंपाउंड ओपन, डब्ल्यू-वन और दृष्टिबाधित श्रेणियां शामिल होंगी।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। कई क्षेत्रों में तेज बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा है। मंडला में बारिश से मौसम ठंडा हुआ है, जबकि सतना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं। आज जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर सहित 26 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। भोपाल, ग्वालियर-चंबल और नर्मदापुरम संभाग में भी कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा जिले के पुनासा विकासखंड स्थित ग्राम बांगरदा में आज ‘मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026’ का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।
- झाबुआ जिले में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत करड़ावद छोटी स्थित रौनक एक्सीलेंसी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।
- धार जिले के पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में बलराम जयंती पर ‘बलराम कृषि महोत्सव सह मिलेट मेला एवं जैविक प्रदर्शनी’ का आयोजन किया गया।
- सतना जिले में भारी वर्षा से हुई तबाही के बाद जिला प्रशासन ने आपदा राहत के तहत RBC 6(4) के प्रावधानों से 434 प्रभावित आवासों के लिए 18.01 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर वितरित की।
- मंदसौर जिले में 41वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत आमजन में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली निकाली गई।
- डिंडोरी जिले के समनापुर विकासखंड स्थित ग्राम मानपुर की श्री कामधेनु गौशाला में भगवान बलराम प्रकटोत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया।

- इंदौर जिले में कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए 16 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए 1393 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं।
- बालाघाट जिले में बलराम जयंती के अवसर पर जे.एस.टी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक-जैविक खेती तथा उन्नत कृषि यंत्रों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई।

-------------